## <u>समाचार</u>

# रैनवाटर हार्वेस्टिंग जनजागरूकता कार्यशाला 28 मई को साकेत

कोरबा 27 मई 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भूखण्डों में भू जल संवर्धन रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के ंसबंध में एक दिवसीय जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन 28 मई को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागृह में अपरांह 3 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ श्री के.पाणीग्रही जियोहाइड्रोलाजिस्ट द्वारा विषय प्रतिपादित किया जाएगा, निगम द्वारा क्षेत्र के कालोनाईजर्स, आर्किटेक्ट, चेम्बर आफ कामर्स, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, जेसीस सहित अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व शहर के गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस कार्यशाला में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।